भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1025**
उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा विश्वविद्यालयों को वित्तीय अनुदान**

1025. **श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या यूजीसी राजस्थान सहित सम्पूर्ण देश के विश्वविद्यालयों को वित्तीय अनुदान प्रदान करता है; और
(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय को प्रदान किए गए वित्तीय अनुदान और उसके उपयोग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क): जी हां, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) राजस्थान सहित देश भर के विश्वविद्यालयों को वित्तीय अनुदान प्रदान करता है।

(ख): यूजीसी द्वारा जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय को वर्ष 2019-20 से 2024-25 (31-10-2024 तक) कुल 1314.23 लाख रुपए का अनुदान प्रदान/जारी किया गया है।

*****